मेगा हेल्थ मेला अभूतपूर्व आयोजन

आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी साध्वी निर्वाण श्री जी के पावन सान्निध्य में विगत 18.09.11 को स्थानीय तेरापंथ भवन में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम तथा जैन डाक्टर्स फेडरेशन के तत्वावधान में मेगा हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में नगर के सभी जैन डाक्टर्स जो विभिन्न क्षेत्रों में विशषज्ञ है वे अपनी सेवाऐं निःशुल्क प्रदान की। मेगा हेल्थ मेला में श्री शान्तिलाल जी बोथरा ने आर्थिक अनुदान प्रदत कर समाज को उपकृत किया।

धरती कंप के क्षणों के साक्षी रहे मेगा हेल्थ मेला के समापन सत्र एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या साध्वी श्री निर्वाण श्री जी ने कहा— 'शारीरिक स्वास्थ्य मानव जीवन की बहुत बड़ी निधि है। इसी निधि के सहारे जीवन की सभी प्रवृत्तियां संचालित होती हैं। पर शारीरिक स्वास्थ्य के मूल में है हमारा मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य। जब तक इसे नहीं समझा जाएगा, व्यक्ति नए-नए रूपों में अस्वास्थ्य को झेलता रहेगा। जीवन शैली के सूत्रों को सही रूप में समझाने में संतों के साथ चिकित्सकों का भी बहुत बड़ा योगदान हो सकता है। आज के इस मेले में चिकित्सों ने जिस उत्साह और तत्परता से मानव सेवा का कार्य किया है उसे लेकर सबमें विशेष प्रसन्नता है। चिकित्सक सेवा कार्य के साथ समाज में सत्संस्कारों के प्रति जागरूकता लाने का कार्य एक मिशन के रूप में निरंतर करते रहें।' जैन डॉक्टर्स फेडरेशन एवं तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टी.पी.एफ.) के संयुक्त आयोजकत्व में आयोजित मेले का लोगों ने भरपूर लाभ उठाया।

डॉक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेश जैन ने कहा— साध्वी जी की मंगल सान्निधि में इस मेले की समायोजना कर हमें अत्यधिक प्रसन्नता हुई है। टी.पी.एफ. की तत्परता ने एक छोटे से कालखंड में निष्ठा से जो कार्य किया वह हमारे जीवन की एक उपलब्धि बन गया है। मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के अनेक गुर हम साध्वीवृंद से सीखना चाहेंगे।

डॉ. सुभाष जैन (GYNE) ने अपना विनम्र सुझाव रखते हुए कहा— जैन समाज एक प्रबुद्ध एवं सक्षम समाज है। मैं चाहता हूं गुवाहाटी में एक ऐसा बहु आयामी चिकित्सा केन्द्र बने जो पूर्वोत्तर भारत में एक मॉडल के रूप में सामने आए। विशेष चिकित्सा के लिए लोगों को बाहर न जाना पड़े।

डॉ. सुभाष जैन, डॉ. विजय सिंह नाहटा ने इस अवसर पर अपने महनीय उद्‌गार व्यक्त किए। उपस्थित सभी चिकित्सकों का गमछा एवं साहित्य से सम्मान किया गया। टी.पी.एफ. की ओर से मेले के संयोजक श्री निर्मल श्यामसुखा एवं डॉ. दिलीप सेठिया का श्रम काबिले तारीफ रहा। सभी ने उनके इस श्रम की भूरि-भूरि सराहना की।

मेले का शुभारंभ साध्वी श्री के मंगल आशीर्वाद एवं आशीर्वचन से हुआ। समागत अभ्यागतों का स्वागत टी.पी.एफ. के अध्यक्ष अजय भंसाली ने तहेदिल से किया। इस मेले से 260 भाई-बहिन, बच्चे लाभान्वित हुए। साध्वी योगक्षेमप्रभाजी ने अपने मूल्यवान सुझावों से आयोजक संस्थाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन टी.पी.एफ. के मंत्री मनोज नाहटा ने किया। तेरापंथ सभा, तेरापंथ महिला मंडल एवं युवक परिषद् का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

प्रेषक

मनोज नाहटा (मंत्री)